हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024

11 नेशनल स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता हर्ष का ...
12 स्वच्छता को लगे पंख,नप दो पायदान ऊपर चढ़ी...






**खबर संक्षेप**

### 16 बोतल अवैध शराब सहित दो व्यक्ति काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को काबू करके 16 बोतल अवैध शराब बरामद की है। हरिकोट निवासी सुरेन्द्र को 8 बोतल अवैध शराब और बस स्टैंड कुलेरी से कुलेरी निवासी कुलदीप को काबू करके 8 बोतल अवैध शराब बरामद की।

### महिला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**हिसार।** हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निर्देशन में महिला थाना पुलिस ने टाउन पार्क में महिलाओं और उपस्थित लोगों को महिला अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया।

### नाबालिग युवतियों से दुष्कर्म का प्रयास

**हिसार।** नाबालिक युवतियों से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने युवकों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में युवतियों के पिता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायकर्ता व उसकी पत्नी काम पर जाते हैं जबकि घर पर उसकी 14 व 12 साल की दो बेटियां अकेली रहती है।

### 21 कुंडीय वैदिक महायज्ञ 14 को

**हिसार।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आर्य समाज नलवा की ओर से 14 जनवरी को 21 कुंडीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पुरोहित सोमित्र शास्त्री ने बताया कि इस यज्ञ में कन्या गुरुकुल डोभी की ब्रह्मचारिणियों द्वारा वेद पाठ किया जाएगा तथा गांव के 100 बुजुर्गों को कंबल वितरित किए जाएंगे।

### गुरु जम्भेश्वर विज्ञान विवि परिणाम किए जारी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि जून 2023 में आयोजित बीएड एडिशनल प्रथम वर्ष (मेन) बैच 2017, 2018, 2019 व 2020, एमएड द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020 व 2021, मई 2023 में आयोजित एमए हिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम जारी किया गया है।

# ललहाना में जिले के विशेष नोडल ऑफिसर डॉ.वेद प्रकाश मिश्रा ने दिलाई संकल्प शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- पीएम व सीएम का एलईडी के माध्यम से दिखाया संदेश
- भारत सरकार में पर्यावरण, वन एवं मौसम परिवर्तन विभाग में निदेशक डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान किया सभी स्टॉल का अवलोकन
- जल जीवन मिशन के तहत हर घर में जल पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पंचायत दिया प्रशंसा पत्र

सरकार द्वारा विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के जिला भिवानी के लिए नियुक्त विशेष नोडल अधिकारी पर्यावरण , वन एवं मौसम परिवर्तन विभाग के निदेशक डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा वीरवार को गांव लहलाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में अपना योगदान देने के प्रति विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। हो। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने में हम सभी का योगदान जरूरी है। पूर्व विधायक शशि रंजन परमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने भी ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नोडल मिश्रा ने यहां पर महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, क्त्रीड, नेहरू युवा केंद्र आदि विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं व योजनाओं की बारीकी से जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि वे ड्रोन के माध्यम से अपने खेत में कम समय और कम लागत से उर्वरक व दवाईयों का छिडक़ाव कर सकते हैं। अपना संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके घर पर जाकर देना है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक योजनाएं ऐसी हैं, जिनके माध्यम से जरूरतमंद लोग अपना जीवन स्तर ऊंचा उठा सकते हैं, इन योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मिश्रा ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करने पर पंचायत को प्रशंसा पत्र भी भेंट किया। इस दौरान उन्होंने भारत संकल्प शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल का एलईडी वैन के माध्यम से संदेश दिखाया गया, जिसे ग्रामीणों ने बड़े उत्साह व गौर से सुना। इस दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर सांगवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



भिवानी। संकल्प यात्रा के दौरान गैस चुल्हे व सिलेंडर देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हेतमुपरा, लोहानी व टिटाणी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

गांव हेतमपुरा, लोहानी और गांव टिटाणी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित हुए। गांव टिटाणी में जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक तथा हेतमपुरा और लोहानी में पूर्व विधायक शशि परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मालिक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है। पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा के तहत गांवों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली ये गाड़ियां लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं।

## शास्त्रीजी का जय जवान, जय किसान का नारा देश की सुरक्षा एवं समृद्धि का मंत्र: वधवा

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व प्रधानमंत्री एवं जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री की 11 जनवरी को पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर जीवन में उच्च आदर्शों तथा सादगी की प्रतिमूर्ति, शास्त्री जी की राष्ट्रसेवा तथा कर्तव्य निष्ठा, समर्पण को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नमन किया। उन्होंने कहा कि युद्ध और कृषि संकट के समय भी देश की एकता,अखंडता सुरक्षित रखने और राष्ट्र की प्रगति में सैनिकों और किसानों के योगदान को सम्मान देने के लिए उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का अमर मंत्र दिया। देश में कृषि और दुग्ध उत्पादन में क्रांति के लिए शास्त्रीजी के प्रयासों को सदैव आदरपूर्वक स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी 1966 को ही निधन हुआ था। अपनी साफ छवि और सादगी के लिए प्रसिद्ध शास्त्रीजी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद नौ जून 1964 को प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया था। उनके नेतृत्व में भारत ने 1965 की जंग में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। ताशकंद में पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद 11 जनवरी 1966 की रात में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। देश के पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्रीजी का जय जवान, जय किसान का नारा देश की सुरक्षा और समृद्धि का मंत्र है, उनके अनुकरणीय नेतृत्व ने राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया। इस अवसर पर रमेश चौधरी, नवीन कुमार, हेमंत, धीरज ने भी पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी को नमन किया।



भिवानी। लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते रीतिक वधवा व अन्य तथा पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्रीजी को नमन करते ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के सदस्य।

### पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्रीजी को किया नमन

- गांव खावा में किसान भवन निर्माण को भूमि पूजन कार्यक्रम कल : सांगवान

**भिवानी।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य एवं ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन होशियार सिंह सांगवान ने बताया कि कस्बा तोशाम की भाकियू अनाज मंडी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत खावा ने पहलवान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा व किसान भवन निर्माण के लिए जो भूमि दान दी, उसका धन्यवाद किया। इस दौरान सांगवान ने सभी किसानों से आह्वान किया कि वे 13 जनवरी को गांव खावा में किसान भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन व नींव रखने के कार्यक्रम में शामिल होकर शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा को श्रद्धासुमन अर्पित करें। भूमि पूजन कार्यक्रम में पहलवान साक्षी मलिक अखाड़े से पहलवान भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आज मोर्चा की सामाजिक शाखा बनाने का फैसला लिया। शाखा के संयोजक नरेंद्र नंरबदार झांवरी को नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि गांव कुंगड़ में बैंक द्वारा लूटी रकम वापस लेने को लेकर संघर्ष तेज करने के लिए 15 जनवरी को मोर्चा की पंचायत रखने का फैसला लिया। मीटिंग की अध्यक्षता राजसिंह धनाना ने की। इस मौके पर किसान नेता महेंद्र सिंह गोदार, तोशाम के प्रधान ईश्वर बागनवाला, भाकियु प्रधान सत्यवान प्रधान, जंगबीर अलखपुरा, युवा प्रदेशाध्यक्ष युद्धवीर खरेटा, सुरेंद्र सूरा, राजबीर बागनवाला, अनिल बागनवाला, चांदीराम, नवाब सिंह, मांगेराम, राकेश आदि मौजूद रहे।



भिवानी। धरने के दौरान नारेबाजी करते किसान। फोटो : हरिभूमि

# किसानों को रुपये नहीं मिले तो फूंकेंगे संघर्ष का बिगुल: चांदीराम

## एसबीआई के पूर्व मैनेजर पर धोखाधड़ी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी/बवानीखेड़ा

- गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई शाखा के सामने अन्नदाताओं का धरना 9वें दिन भी जारी
- धरने की अध्यक्षता सुरेश गोयत ने की तथा संचालन मोर्चा के ब्लॉक प्रधान कुंगड़ ने किया

गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई के पूर्व मैनेजर द्वारा किसानों से धोखाधड़ी कर उनके खातों से निकाली गई राशि वापस देने की मांग को लेकर अन्नदाताओं का धरना जारी है। इस दौरान धरने पर बैठे किसान स्पष्ट चेतावनी दे रहे है कि प्रशासन ने अपने वायदे अनुसार तय समय अनुसार उन्हें उनकी रकम वापस नहीं दी तो किसान अपना संघर्ष तेज करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी बैंक प्रशासन की होगी। वीरवार को किसानों का धरना 9वें दिन भी जारी रहा।

धरने की अध्यक्षता सुरेश गोयत ने की तथा संचालन मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने किया। धरने को संबोधित करते हुए मोर्चा के ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने कहा कि गांव कुंगड़ की एसबीआई शाखा के पूर्व मैनेजर ने इनती सुरक्षा व नियमों को ताक पर रखकर सैंकड़ों किसानों से करोड़ों रुपये का घोटाला बैंक प्रशासन की सुरक्षा एवं सरकार की जीरो टोलरेंस नीति की पोल खोलने का काम किया, जिसका खामियाजा अन्नदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता वर्ष मेहनत करने तथा मौसम की मार झेलने के बाद कुछ रुपया अपने परिवार के लिए बचाता है, जिस पर लालची एवं भ्रष्टाचारी अधिकारियों की नजर रहती है तथा वह रूपया अब वहां भी सुरक्षित नहीं है। कुंगड़ ने कहा कि बैंक के उच्चाधिकारियों द्वारा उन्हें 45 दिनों में रुपया वापस दिए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन जब तक किसानों को उनका रूपया वापस नहीं मिल जाता, उनका धरना जारी रहेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चंद्रभान, दिलबाग, मेहताब, बालीराम, सत्यवान बेनिवाल, मोहन, राजबीर, उदयवीर, नफेसिंह, फूलसिंह, रमेश, दलवीर, बलवंत, राजेश कामरेड, सत्यवीर आदि मौजूद रहे।

# पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल जारी, सांसद-विधायक को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पटवारियों एवं कानूनगो की हड़ताल व धरना वीरवार को भी जारी रहा। पटवारियों की हड़ताल से जमीन के रिकॉर्ड से जुड़े सारे काम ठप पड़े हैं। वहीं वीरवार को लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह व विधायक सोमबीर सांगवान धरना स्थल पर पहुंचें जहां उनको एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी जायज मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरना की अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलबीर सांगवान ने बताया कि पे-ग्रेड विसंगति व अन्य विभागीय मांगों को लेकर वे हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा ठीक नहीं। हड़ताल से जनता परेशान है, पर इसको लेकर हम नहीं, सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने अपनी मांगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़े हुए ग्रेड-पे को 1 जनवरी, 2016 से लागू, सर्कल बंदी का कार्य पूर्ण तथा नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षाएं जो तीन वषोंर् से लंबित हैं, जो शीघ्र होनी चाहिए। खाली पड़े पदों पर नियमित भर्ती करवाना। गुरूवार को धरना स्थल पर चौ. धर्मबीर सिंह व सोमबीर सांगवान के अतिरिक्त कांग्रेस नेता व नगर परिषद् पूर्व चेयरमैन अजीत फौगाट, सोमबीर घसौला, सोनू साहुवास, संजय शास्त्री, कृष्ण शास्त्री, जगबीर घसौला आदि ने भी धरने का समर्थन दिया। इस अवसर पर प्रतीक जांघू, जोगेन्द्र कलकल, राजेश, संजय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, तहसील अवतार सिंह, रघबीर सिंह, रविन्द्र, राजेश, कुलबीर, रामभगत, संजीव श्योराण, अजय, ध्यान सिंह सहित इत्यादि ने धरना दिया।



चरखी दादरी। लघु सचिवालस परिसर में धरने पर बैठे ाटवारी व कानूनगो से बात करते सांसद धर्मबीर सिंह।

# अधिक ठंड में छोटे पौधों को ढंककर रखें : भारद्वाज

- कोल्ड अटैक थीम पर्यावरण संरक्षण के सहयोगी एवं पौधे बचाने वाले होंगे सम्मानित : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति ने इस वर्ष कोल्ड अटैक थीम जागरूकता अभियान के तहत लोगों से पेड़ पौधें बचाने एवं उनके संरक्षण की अपील की तथा जिन संस्थाओं ने वन महोत्सव या अन्य अभियान के तहत पौधरोपण किया है, वे संस्था या व्यक्ति अपने पौधों के रख रखाव एवं सर्दी से बचाव के लिए क्या उपाय कर रहे हैं, उनकी फोटोग्राफ, 12 सैकेंड की वीडियो और मैसेज अपने नाम, स्थान, संस्था का नाम और मोबाइल नंबर हमारे व्हाट्स एप 9354254709 पर भेजे, जिनका अच्छा प्रयास एवं प्रेरणा भरा मेसेज स्लोग्न होगा, उन्हें विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। प्रथम चरण में ये अभियान हरियाणा व राजस्थान में रहेगा। पौधों के संरक्षण अभियान के सूत्रधार राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि जो संस्था व व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा प्रयास करेगा, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



भिवानी। पौधों को ठंड से बचाने के लिए झाड़ियां लगाते अशोक भारद्वाज।

# मिशन बुनियाद एवं सुपर.100 को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

- मिशन बुनियाद के 83 व सुपर .100 के 77 पंजीकरण

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिशन बनियाद एवं सुपर.100 पंजीकरण एवं जागरूकता अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर, पंचायती राज एसडीओ मनोज कुमार आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें सबसे पहले एबीआरसी द्वारा मिशन बुनियाद एवं सुपर.100 के छात्रों का लेखा.जोखा कर पंजीकरण प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जिसमें 8वीं 83, 10वीं 77 के पंजीकृत हुए। जिसमें 17 स्कूल मुखियाओं, 23 टीजीटी, पीजीटी, 09 एबीआरसी. बीआरपी, 14 एसएमसी, 18 परिजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



बवानीखेड़ा। मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने विकल्प फाउंडेशन के कार्य को जमकर सराहा

### विकल्प फाउंडेशन बना बच्चों के भविष्य के लिए खेवनहार

कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा, प्राचार्या संतोष भाकर, डीएसएस रोहित इंदौरा ने बताया कि विकल्प फाउंडेशन ने विभाग संग मिलकर इस कार्यक्रम की शुरूआत की है ये मील का पत्थर साबित हो रही है। ये बच्चों के भविष्य लिए खेवनहार है। इसी को लेकर खंड के सभी विद्यालयों में बच्चों का पंजीकरण करवाया जा रहा है ताकि निर्धारित तिथि को इनको परीक्षा के लिए तैयार करके परीक्षा दिलाई जा सके। वहीं अधिकारी ने कलस्टर के सभी एबीआरसी के कायोंर् की जमकर सराहना की।

### राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों की लिए नि:शुल्क सुविधा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर ने खंड बवानीखेड़ा की तारीफ करते हुए बताया कि यहां पर प्रतिभाओं का खजाना भरा हुआ है जरूरत है तो बस उन्हें निखारने की। उन्होंने बताया कि दोनों स्कीमों में बच्चों को फ्री शिक्षा दी जाती है बशर्ते उन्हें इनके निर्धारित चरणों को पार करना होता है। सुपर.100 में कुरूक्षेत्र में बच्चों को हॉस्टल, खाने.पीने की सुविधाए चिकित्साए शिक्षा आदि सुविधा फ्री दी जाती है ताकि बच्चा एनआईआईटी, जेई मिन्स, नीट आदि की परीक्षा उतीर्ण करके अपना भविष्य बना सके।

## सांसद धर्मबीर सिंह ने ली दिशा कमेटी की बैठक

# विकास कार्यों में लाई जाए तेजी, समय पर पूरे हों काम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को बनाना चाहते हैं विकसित राष्ट्र : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है कि जिला में करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और कामों को समय पर पूरा करवाया जाए। सांसद वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में दिशा कमेटी की बैठक ले रहे थे।

उन्होंने कहा कि दिशा कमेटी की बैठक का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की ओर से करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा निर्णयों पर कितना काम हुआ है। ऐसे में सभी विभागों को विकास कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है ताकि समय पर कामों को पूरा करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं। ये सभी कार्य भी उस सपने पंचायती राज संस्थाओं के द्वारा करवाए जने वाले कामों को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के बारे में पंचायत प्रतिनिधियों को कम जानकारी है ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्य करवाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए और उन्हें बताया जाए कि विकास कार्यों के लिए किस प्रक्रिया को अपनाने की जरूरत होती है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति मिल सके। कम जानकारी के चलते गांव अथवा क्षेत्र में काम करवाने में परेशानी आती है। जब तक इन जनप्रतिनिधियों को प्रक्रिया की जानकारी नहीं होगी तब तक विकास की गति धीमी ही रहेगी।



चरखी दादरी। लघु सचिवालय के सभागार में दिशा कमेटी की बैठक लेते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा

बैठक में उन्होंने एक एक करके सभी विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों सहित भविष्य की योजनाओं को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी जनता के प्रति जवाबदेह हैं और सभी की जिम्मेदारी बनती है कि जनता का पैसा सही तरीके से इस्तेमाल हो। सांसद ने कहा कि दादरी में पानी निकासी को लेकर किए जा रहे कार्य को समयसीमा में पूरा कराएं और निर्माण के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर भी नजर रखें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में उपायुक्त मनदीप कौर, जिला परिषद के चेयरमैन मनदीप डालावास, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह, सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, एसडीएम सुरेश कुमार, सहकारिता समिति चेयरमैन सुधीर चांदवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचार मौजूद रहे।

# भक्तों की आस्था का प्रतीक है श्रीराम मंदिर: असीजा

- श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने किया कीर्तन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर के रामभक्तों में उत्साह है तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन कर भगवान श्रीराम के स्वागत की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा ने वीरवार को दादरी गेट स्थित न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा प्रिया असीजा पहुंची। भजन-कीर्तन में काफी तादात में महिलाएं मौजूद रही तथा पूरा क्षेत्र श्रीराम नाम से गूंज उठा। असीजा ने कहा कि श्रीराम मंदिर को लेकर देशभर के रामभक्तों में काफी उत्साह है। देश में बना भगवान श्रीराम मंदिर कई वर्षो के संघर्ष एवं करोड़ों रामभक्तों की आस्था का प्रतीक है। देश का प्रत्येक नागरिक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बने, इसके लिए सरकार द्वारा विशेष इंतजाम किए गए है। समारोह को लाइव दिखाया जाएगा।



भिवानी। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा प्रिया असीजा का स्वागत करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान 15 से

**चरखी दादरी।** कांग्रेस नेता नितिन जांघू ने वीरवार को गांव घिकाड़ा में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जांघू ने ग्रामीणों से रूबरू होते ही पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया व 15 जनवरी से शुरू होने वाले घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान में युवाओं की अहम भागीदारी होगी।

### श्यामसुंदर जोशी का 83 वर्ष की आयु में निधन

**लोहारू।** कस्बा निवासी करीब 83 वर्षीय समाजसेवी श्यामसुंदर जोशी का देर रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार सुबह लोहारू में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र संजय सहित नाती पौत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर लोहारू व्यापार मंडल सहित कई सामाजिक संगठनों के गणमान्य लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर भारत की दी जानकारी

**तोशाम।** आजादी के अमृत महोत्सव व आत्मनिर्भर भारत के थीम के साथ गांव दुल्हेड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन वीरवार को स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर भारत एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विद्यालय के कमरों की छत एवं विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की।

### जिला खनिज फंड समिति की बैठक का आयोजन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने गुरुवार को जिला खनिज फंड समिति की बैठक ली। बैठक में समिति की तरफ विभिन्न विभागों को जारी की गई रकम से करवाए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि समिति ने अभी तक लगभग 23 करोड़ रूपए की राशि खनन प्रभावित गांवों में विकास कार्यों के लिए जारी की है। कई विभागों ने खर्च की गई राशि का प्रमाण पत्र नहीं दिया है। बैठक में निर्णय हुआ कि बिना प्रमाण पत्र के समिति संबंधित विभागों को भविष्य में राशि जारी नहीं करेगी।

### परेड को सफल बनाने के लिए चलाया प्रचार अभियान

**तोशाम।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन जिला कमेटी भिवानी ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 जनवरी की परेड को सफल बनाने के लिए गांव सरल और झावरी में प्रचार अभियान चलाया। इस मौके पर जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम ने किसानों से अपील की हर जिला हेड क्वार्टर पर ट्रैक्टर परेड निकल जाएगी जो संयुक्त किसान मोर्चा भिवानी भी इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेगा उन्होंने बताया कि एमएसपी गारंटी कानून बनाने से मोदी सरकार मुकर गई है।

### भाषण प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**जींद।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा मेरा भारत-विकसित भारत 2047 विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सुविधा केंद्र अर्जुन स्टेडियम में किया गया। सभी खंडों से 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि के तौर पर जिला खेल अधिकारी कुलदीप रेढू ने शिरकत की। जिला स्तर पर प्रथम स्थान वाले को रा'य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### आर्य स्कूल की अनन्या ने पाया दूसरा स्थान

**जींद।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहिरका की छात्रा अनन्या ने अर्जुन स्टेडियम में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय डेकलामेशन कांटेस्ट में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रबंधक वजीर ढांडा और स्कूल प्रधानाचार्या सुधा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने शिरकत की थी।

---

### होनहार खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता देकर उत्साहवर्धन करें सरकार

# नेशनल स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता हर्ष का किया भव्य स्वागत

**भिवानी खिलाड़ियों ने समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है: प्रदेशाध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** पदक विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते खेलप्रेमी।

भिवानी की माटी में ही कुछ ऐसी बात है, जो यहां के खिलाड़ी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में देश का सीना गर्व से चौड़ा करते है। इसी कड़ी में बैंक कॉलोनी निवासी हर्ष ने राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

पदक विजेता हर्ष का वीरवार को भिवानी पहुंचने पर खेलप्रेमियों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। हर्ष के कोच एवं भारत कराटे अकादमी के संचालक अनिल श्योराण ने बताया कि 6 से 11 जनवरी तक पंजाब के लुधियाना में नेशनल स्कूल गेम्स में हर्ष ने अंडर-19 आयुवर्ग में खेलते हुए माईनस 54 भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर खेल नगरी भिवानी का नाम रोशन किया हैं।

इस मौके पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश प्रजापति ने खिलाड़ी का नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि भिवानी खिलाड़ियों ने समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। हर्ष एक होनहार एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, जिन्होंने पहले भी कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा जिलावासियों को गौरवांवित किया है। इस अवसर पर लीलाराम वर्मा, सेवानिवृत्त उपनिदेशक सूर्यभान, अमरनाथ धनाना, कुलदीप प्रजापति, जयभगवान ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## बॉक्सिंग में महिला मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन

**भिवानी।** दिल्ली में गत 2 से 7 जनवरी तक संपन्न हुई 67वीं स्कूल नेशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप में अजीत बॉक्सिंग क्लब की महिला मुक्केबाज चेष्टा ने 46 किलोग्राम भारवर्ग और आरजु ने 64 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक तथा नीशा ने 45 किलोग्राम व स्वाती ने 51 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों व कोच नवीन बल्हारा फ्रूटी का क्लब में पहुंचने पर गणमान्य व्यक्तियों व खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया। कोच फ्रुटी ने बताया कि चारों महिला मुक्केबाजों ने इससे पहले भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर



पर अनेक पदक जीते हैं। पदक विजेता खिलाड़ी को क्लब प्रधान सुरेंद्र सिवाच, मनजीत अहलावत, शेरसिंह ग्रेवाल, राजेश बेनीवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, सुमन देवी, अजय सुहाग, ओमबीर बैनीवाल, मोनू वर्मा, डॉ. मनफूल ग्रेवाल, विकास बेनीवाल, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीण लीली व संजय लीली, मनजीत आदि ने बधाई दी।

## हरियाणवी सांग शाही लकड़हारे की रागनियां सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता



**चरखी दादरी।** गांव लांबा के समीप गो चिकित्सालय में चल रहे सांग उत्सव के दूसरे दिन सांगी सुभाष प्रचारी एंड पार्टी ने हरियाणवी किस्सा शाही लकड़हारे का मंचन किया। सांग कथा अनुसार जोधपुर में राजा जोधानाथ राज करते थे, उनकी रानी का नाम रूपाणी था। एक बार किसी कारण से राजा और रानी के बीच शर्त लग जाती है, जिसमें रानी हार जाती है और उसे 12 साल का दिसौटा दिया जाता है, उस समय रानी चार माह की गर्भवती थी। जंगल में रहकर रानी लकड़ियां बेचकर गुजारा करने लगी, यहां रानी को एक पुत्र हुआ। जब लड़का आठ साल का हुआ तो रानी बीमार हो गई। एक चिट्ठी में लड़के के पिता, राजवंश, खानदान सब कुछ लिखकर लड़के की बाजू पर बांध दी। मां के मरने के बाद लड़का भी लकड़ी बेचकर गुजारा करने लगा। उसकी शादी राजा रायसिंह की बेटी बीना से हो जाती है। बीना और लकड़हारा किसी कारण से बिछड़ जाते हैं। बीना को राजा जोधानाथ अपने साथ ले जाते हैं बाद में लकड़हारा जोधपुर पहुंचकर राजा की घोषणा अनुसार शाही लकड़हारे की कथा सुनाता है तो राजा उसे पहचान लेता कि ये तो उसी का बेटा है।

## मानव तस्करी को रोकना हर व्यक्ति का कर्तव्य और धर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से विद्यानगर स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस और ग्रासरूट कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमिकों के कानूनी अधिकारों और उनकी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता सोनाली तंवर ने ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी को रोकना हर व्यक्ति का कर्तव्य और धर्म है। मानव तस्करी एक आपराधिक कृत्य हैए जिसमें महिलाओंए बच्चों और पुरूषों का शोषण शामिल है। इसमें उनके साथ काम को लेकर या यौन से संबिधित शोषण किया जाता है। जैसे कि बाल श्रम, वेश्यावृत्ति, जबरन शादी, भीख मंगवाना, मानव अंग निकालना, घरेलू दास, बच्चों की पोनारेग्राफी, यौन उत्पीडन्न के अन्य प्रकार है। ऐसे में ये मानव जाति के लिए एक बड़ी समस्या है।

## राजकीय मॉडल संस्कृति ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी में पाया चौथा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग पंचकूला द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र में हुआ। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय भिवानी के कक्षा 12वीं की छात्रा दीशा अग्रवाल, दिव्यांश अरोड़ा और नितेश ने भौतिक प्रवक्ता अनिल अरोड़ा के नेतृत्व में भाग लिया।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में चौथा स्थान प्राप्त कर जिला व



**भिवानी।** अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रत्येक प्रतिभागी को विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने पांच-पांच हजार रुपये के चेक इनाम स्वरूप देकर सम्मानित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष नागर ने प्राचार्या सविता घणघस, विज्ञान विभाग के अध्यापकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय की उपलब्धि पर प्राचार्य सविता घणघस ने विद्यालय में विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अनिल अरोड़ा, राकेश रोहिल्ला, राकेश वधवा, मनोज,अमित, हेमंत, सुशीला भोरिया, सुरेश कुमार, शशिकांत आदि मौजूद रहे।

### तय समय सीमा में पूरा करवाएं अमृत सरोवारों के काम

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अमृत सरोवर के मामलों में गंभरता से कार्य करें और दिए गए लक्ष्यों को समय पर पूरा करवाया जाए। अगर किसी कार्य में कोई अडचन है तो मुख्यालय से संपर्क करके उसका समाधान निकालें। उपायुक्त लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रही थी। उन्होंने बताया कि जिला को कुल 65 अमृत सरोवर का लक्ष्य मिला था, जिनमें से 40 पंचायती राज और 25 मनरेगा के तहत तैयार किए जाने थे। इन सरोवरों में से कई काम लंबित है। ऐसे में संबंधित विभाग के अधिकारी गंभीरता दिखाते हुए सुनिश्चित कर लें कि कार्य तय समय पर ही पूरा हो।

## स्वामह विवेकानंद युवाओं के लिए आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

आर्यन कोचिंग सेंटर परिसर में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंटर संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने की। बतौर मुख्यतिथि एवं वक्ता कन्याकुमारी विवेकानंद केंद्र से आए लाल बहादुर, धर्मेंद्र, कृष्ण आदि ने शिरकत की। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया, ताकि देश का संपूर्ण उत्थान संभव हो सके। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र को युवाओं को दिखाते हुए बताया कि उनका संपूर्ण व्यक्तित्व ही ओजपूर्ण है। विवेकानंदजी का कहना था कि बहती नदी की धारा ही



**भिवानी।** विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता।

स्वच्छ, निर्मल तथा स्वास्थ्यप्रद रहती है, उसकी गति अवरुद्ध हो जाने पर उसका जल दूषित व अस्वच्छ हो जाता है। नदी यदि समुद्र की ओर चलते-चलते बीच में ही अपनी गति खो बैठे, तो वह वहीं पर आबद्ध हो जाती है। प्रकृति के समान ही मानव समाज में भी एक सुनिश्चित लक्ष्य के अभाव में राष्ट्र की प्रगति रुक जाती है और सामने यदि स्थिर लक्ष्य हो, तो आगे बढ़ने का प्रयास सफल तथा सार्थक होता है। हमारे आज के जीवन के हर क्षेत्र में यह बात स्मरणीय है।

## प्रशासन ने शुरू की गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

■ उपायुक्त मनदीप कौर ने ली जिला अधिकारियों की बैठक

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह नई अनाज मंडी परिसर में मनाया जाएगा। दादरी मुख्यालय पर जिला स्तरीय और बाढड़ा में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने जिला अधिकारियों की बैठक ली और दिशा निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने कहा कि तैयारियों को लेकर यह पहली बैठक है। बैठक में प्रशासन के विभिन्न विभागों को दी जाने वाली जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा की गई है। गणतंत्र दिवस पर सहभागिता के बारे में सभी विभागों को अपनी कार्ययोजना के साथ जानकारी देनी होगी। समारोह के लिए नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी अतिरिक्त उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। झांकी निकालने वाले विभागों एवं संस्थाओं को पूरा ब्योरा उपलब्ध करवाना होगा। झांकी निकालने से संबंधित सभी प्रबंधों की जिम्मेदारी ओएसडी टू डीसी शुभम संभालेंगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाली शिक्षण संस्थानों की टीमों का प्रस्तुतिकरण राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुसार ही होना चाहिए।

## मेरी रगों में चौ. देवीलाल का खून

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

दादरी जिला मेरी कर्मभूमि हैं। दादरी जिला वासियों ने सदैव हम अपना सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद दिया हैं। मेरी रगों में भी चौ. देवीलाल का खून हैं। दादरी जिले के सम्मान को कभी ठेस नहीं पहुंचने दूंगा। यह बात जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने आज जनसंपर्क अभियान के तहत बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव ढ़ाणी फौगाट, दातौली, मंदौला, पालड़ी, बधवाना, दगडौली और नांधा में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने गांव दूधवा से दातौली होते हुए चिड़िया तक सड़क का नवनिर्माण करवाने की घोषणा की। इसके अलावा गांव पालड़ी वासियों की



**चरखी दादरी।** ग्रामीणों को संबोधित करते डॉ. अजय चौटाला।

मांग को पूरा करवाने का भरोसा दिलाते हुए गांव में दूषित जल की निकासी के लिए नाले का निर्माण करवाने की घोषणा की। ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान बाढड़ा हलके में रिकार्ड विकास कार्य हुए हैं। बाढड़ा हलके के अंतिम छोर तक विकास की बयार पहुंचने में हमने कामयाबी हासिल की है। बाढड़ा हलका वासियों को अच्छी सड़कें, स्वच्छ पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार ने सैंकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लागू की हैं।

## लड़की की शादी में दी जाती है 71 हजार रुपये की आर्थिक सहायताः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



■ अप्रैल 2023 से 31 दिसबर 2023 तक मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत

**भिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल।

प्रदेश सरकार द्वारा लड़की की शादी में शगुन के तौर पर आर्थिक सहायता दी जाती है। सरकार द्वारा जिला में अप्रैल 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 1155 लड़कियों की शादी में शगुन के तौर पर पांच करोड़ 75 लाख 54 हजार रूपए की वित्तिय सहायता दी है। इस योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए ऑनलाईन पोर्टल या लघु सचिवालय स्थित जिला कल्याण विभाग के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा आमजन के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 1155 लाभपात्रों को पांच करोड़ 75 लाख 54 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत पात्र दंपत्ति को 71 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। साथ ही विवाह के 30 दिन के अंदर पंजीकरण करवाने पर 11 सौ रूपए की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता राशि प्रदान की जाती है। इन परिवारों के बेटियों के विवाह को सम्पन्न करने के लिए सरकार द्वारा यह योजना चलाई हुई है। योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित व टपरीवास जाति की लडक़ी की शादी में जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से कम हो उसे 71 हजार रुपए, गैर अनुसूचित जाति के सभी पात्र आवेदनकर्ता को 31 हजार रुपए तथा सभी जाति की विधवाओं की पुत्री की शादी में 51 हजार रुपए आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के ये है पात्रता

डीसी नरवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना पात्रता के लिए आवेदक हरियाणा का निवासी होना चाहिए। फैमिली आईडी में 1.80 लाख से आय कम होनी चाहिए। फैमिली आईडी में बैंक खाता, जाति, आय वेरीफाई होना जरुरी है। शादी रजिस्टर होनी चाहिए। फैमिली आईडी में रजिस्टर मोबाइल नंबर होना चाहिए।

### आवेदक को सबसे पहले करना होगा मैरिज के लिए रजिस्ट्रेशन

हरियाणा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए सबसे पहले शादी के लिए पंजीकरण करवाना होता है। उसके बाद जैसे ही शादी के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और आवेदक के पास मैरिज सर्टिफिकेट बन कर आ जाएगा। इसके बाद पोर्टल पर जाकर वहां पर जिस भी सदस्य की स्कीम अप्लाई करनी है उसके सामने स्कीम वाले आप्शन पर क्लिक करेंगे तथा उसके बाद आप आवेदक की श्रेणी के अनुसार स्कीम अप्लाई कर देंगे।

### भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा नमो ऐप के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन

# तकनीक के साथ आगे बढ़ाना नमो ऐप का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा नमो ऐप के कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। इसमें नमो ऐप के प्रदेश संयोजक, जिला संयोजक व मंडल संयोजकों ने भी हिस्सा लिया। जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़ एवं नमो ऐप के प्रदेश संयोजक मनोज ढ़ाणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। वहीं बैठक की अध्यक्षता नमो ऐप के जिला संयोजक सुनील तलेजा ने की।



**भिवानी।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़ व अन्य।

जिलाध्यक्ष गौड़ ने कहा कि नमो ऐप का उद्देश्य सभी कार्यकर्ताओं को तकनीक के साथ आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के करीबन 10 वर्ष के कार्यकाल को नमो ऐप के माध्यम से एक-एक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। आमजन के मोबाइल में यह ऐप डाऊनलोड करवाएं, ताकि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तुरंत प्रभाव से आमजन तक पहुंच सकें। गौड ने कहा कि सभी कार्यकर्ता वर्ष 2024 में प्रचंड बहुत के साथ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर चले तथा ऐप के प्रदेश संयोजक मनोज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आमजन के हित में लागू की जा रही योजनाओं की जानकारी मैसेज के माध्यम से प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए नमो ऐप सर्वश्रेष्ठ है। इस मौके पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान व शिवकुमार पाराशर, राजेश धनखड़, राजेश जांगड़ा, नवीन अत्री,संदीप तंवर, राहुल शर्मा, संदीप अग्रवाल, रणबीर फौजी, भारत सिंह, राजपाल फौजी, पवन सरपंच, सोमबीर श्योराण, सुनील भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कृषि मंत्री 12 को चहड़ कलां व 13 को सैय में

**लोहारू।** कृषि एवं पशु पालन मंत्री जेपी दलाल 12 व 13 जनवरी को जिला में विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान वे लोगों की समस्याएं सुनेंगे और अपना संदेश भी देंगे। डीसी कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार कृषि मंत्री दलाल 12 जनवरी को बहल क्षेत्र के गांव चहड़ कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और 13 को बवानीखेड़ा क्षेत्र के गांव सैय स्थित श्रीश्याम गोशाला के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे।

### दी भिवानी बैंक कर्मचारी समिति की बैठक 23 को

**भिवानी।** दी भिवानी बैंक कर्मचारी सहकारी भवन निर्माण समिति के सदस्यों की बैठक 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे शिव मंदिर में प्रधान राजेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में होगी। बैठक में समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा

### बडेसरा से महिला लापता मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** बडेसरा से महिला के गुमशुदा होने का मामला दर्ज किया गया है। गांव सुलतानपुर निवासी नवनीत ने बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन मिनाक्षी दस दिन पहले बड़ेसरा में आई थी और 6 जनवरी रात को घर से बिना बताए कही चली गई जिसका अता पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश कर ली।

# स्वच्छता को लगे पंख,नप दो पायदान ऊपर चढ़ी, छोटी कांशी को16वां रैंक

## स्वच्छता में सुधार होने के बाद भिवानी को ओडीएफ प्लस की श्रेणी में भी शामिल किया

■ अभी नेशनल स्तर पर रैंकिंग में सुधार करने की बेहद सख्त जरूरत है,लेकिन फिलहाल नेशनल स्तर पर भिवानी को संतोषजनक 302 वां रैंक हासिल हुआ है





**भिवानी।** नगरपरिषद के भवन और शहर की संवारी गई दीवारों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज भिवानी

सफाई, स्वच्छता के संदेश व जागरूकता अभियान चलाने के तमाम प्रयासों के बावजूद स्वच्छता में थोड़ा सा सुधार हुआ है। सभी पहलूओं के जांच के बाद छोटी कांशी को प्रदेश में 16 वां रैंक हासिल हुआ है। स्वच्छता में सुधार होने के बाद भिवानी को ओडीएफ प्लस की श्रेणी में भी शामिल किया गया है। हालांकि अभी नेशनल स्तर पर रैंकिंग में सुधार करने की बेहद सख्त जरूरत है,लेकिन फिलहाल नेशनल स्तर पर भिवानी को संतोषजनक 302 वां रैंक हासिल हुआ है।

### लोग संतुष्ट नहीं

शहरी विकास मंत्रालय की तरफ से जारी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर भिवानी को राज्य स्तर पर 16 वां रैंक दिया गया है,जबकि बीते साल 18 वें स्थान पर थी। दो पायदान उपर चढ़ने को नगर परिषद अपनी उपलब्धी मान रही है,लेकिन शहर के लोग इस रैंक से संतुष्ट नहीं है। क्योंकि वे शहर की सफाई व्यवस्था चॉक चौबंद होने की अपेक्षा कर रहे है। अभी भी शहर के कई इलाकों में कूड़े व कचरे के ढेर लगे मिल जाएंगे। जिनकी वजह से स्वच्छता का रैंक नीचे फिसलता है। इसी तरह से लोहारू को 24 वां रैंक तो बवानीखेड़ा नगरपालिका को 26 वां रैंक मिला है। प्रदेश की अन्य नगरपालिकाओं की रैंक कई जिलों से बेहतरीन है। इन इलाकों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली। उल्लेखनीय है कि शहरी विकास मंत्रालय सर्वे रिपोर्ट में घर.घर कूड़ा एकत्रित करने में 32 फीसदी, आवासीय क्षेत्र में सफाई 16 , मार्केट क्षेत्र में सफाई पर 15 , जल निकायों की स्वच्छता पर 50 , सार्वजनिक शौचालयों की सफाई पर 33 फीसदी अंक दिए जाते है। उसी आधार पर नगरपालिका व नगरपरिषद में रैंक जारी किए जाते है।

### नगरपरिषदों व नगरपालिकों को किया जाता है शामिल

भिवानी की सफाई सही ढंग से होने व स्वच्छता से संबंधित योजनाएं सही ढंग से लागू करने की वजह से भिवानी को ओडीएफ प्लस श्रेणी में शामिल किया गया है। इस श्रेणी में उन नगरपरिषदों व नगरपालिकों को शामिल किया जाता है। जो सरकार द्वारा सफाई व स्वच्छता से संबंधित योजनाओं को लागू कर चुका हो। मसलन हर घर में शौचालय, सार्वजनिक शोचालयों का सही ढंग से उपयोग व सफाई व्यवस्था दुरुस्त आदि शामिल है। डबल प्लस उन कमेटियों को जारी किए जाते है। जहां पर सफाई की सारी व्यवस्थाएं होने के बावजूद सीवरेज के पानी को ट्रीट करके खेतों या अन्य जगहों पर प्रयोग करने पर मिलती है। फिलहाल भिवानी को ओडीएफ प्लस श्रेणी में रखा गया है।



**भिवानी।** रामभक्त नरेंद्र यादव की साइकिल यात्रा को रवाना करते बाबा एवं ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# रामभक्त नरेंद्र की साइकिल यात्रा अयोध्या के लिए रवाना

■ बाबा पूर्णगिरी धाम नन्दगांव से शुरू हुई यात्रा 22 को अयोध्या पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज : भिवानी

रामभक्त नरेंद्र यादव ने 11 जनवरी गुरुवार को ऐतिहासिक धार्मिक साइकिल यात्रा बाबा पूर्णगिरी धाम नंदगांव से शुरू की, उनकी ये यात्रा 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होगी। यात्रा के लिए बाबा पूर्णगिरी मंदिर झरवाई, बाबा पूर्णगिरी मंदिर ढाणी जंगा, बाबा पूर्णगिरी मंदिर रूपगढ़, बाबा पूर्णगिरी मंदिर ढाणी बीरन, बाबा पूर्णगिरी मंदिर चांग रोड जिला चरखी दादरी की तरफ से देसी घी की ज्योत देकर नरेंद्र यादव को बाबा रमन गिरी व ग्रामीणों ने बधाई देकर रवाना किया। **ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कमलेश देवी, कृष्णा देवी, नवीन, बंसीलाल पंच, सुदर्शन, सतवीर पंच, नरेंद्र डॉकवाल, कर्मवीर, मनोज मौजा, विकास, जगत सिंह पंच, सतीश मास्टर, होशियार मिस्त्री, हवलदार वीरसिंह, डॉ.संदीप व रामनिवास आदि मौजूद रहे। इसके बाद नरेंद्र काशी विश्वनाथ धाम, जगन्नाथ पुरी धाम, उड़ीसा और गंगासागर पश्चिम बंगाल तक साइकिल यात्रा करेगी।




**भिवानी।** सांसद धर्मबीर को ज्ञापन देते आंदोलकारी। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ व लाखों की रिश्वत लेने के आरोप में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी

प्रेम विवाह के बाद दंपती को गोली मारने के आरोपी के परिजनों ने पुलिस पर गिरफ्तारी के बाद फर्जी मुठभेड़ दिखा गोली मारने एवं लाखों की रिश्वत लेने के आरोप में पुलिस पर कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर लघु सचिवालय परिसर में वीरवार को भी धरना दिया। धरने पर सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक सोमबीर सांगवान को ज्ञापन सौंपा। सांसद ने आश्वासन दिया कि मामले के विषय में एसपी से बात करेंगे तथा निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी।

रोहतक जिले के गांव पिलाना निवासी लड़की ने दादरी जिले के गांव ऊण निवासी लड़के के साथ प्रेम विवाह किया था, जो दोनों लड़के के घर ऊण में रहते थे। लड़की के परिजन शादी से खुश नहीं थे। लड़की के पक्ष के कुछ लोगों ने नवंबर महीने में लड़के के घर में घुसकर गोली मार दी थी तथा लड़की का अपहरण कर लिया था। उसके बाद आरोपी लड़की को गोली फरार हो गए थे।

### मुठभेड़ की साजिश रची

परिजनों ने आरोप लगाया कि सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसी रात पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ की साजिश रची तथा झूठी वाहवाही लूटने के लिए सोनू के पैर में गोली मार दी। जबकि सूबत मिटाने व देर रात मुठभेड़ दिखा दी। परिजनों ने बताया कि जब वह पीजीआई में सोनू से मिले तो सोनू ने बताया कि पुलिस उसको गाड़ी में बिठाकर ले गई तथा आंखों पर पट्टी बांधकर उसके पैर में गोली मार दी उन्होंने कहा कि पुलिस सोनू का फर्जी एनकाउंटर करना चाहती थी तथा अपना कसूर दबाने के लिए सोनू पर फायरिंग करने की झूठी कहानी रची।

# वैश्य कॉलेज के निर्माणाधीन हॉल की जांच सतर्कता समिति करेगी

हरिभूमि न्यूज भिवानी

सांसद धर्मबीर सिंह की तरफ से पत्र मिलने के बाद उपायुक्त ने वैश्य कॉलेज के हॉल के निर्माण कार्य की जांच का जिम्मा जिला सर्तकता समिति को सौंप दिया। उक्त समिति को मामले की जांच करके 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सांसद धर्मबीर सिंह ने डीसी नरेश नरवाल को पत्र के माध्यम से अवगत करवाया था कि उन्होंने वैश्य कॉलेज, भिवानी में हाल निर्माण के लिए 21 लाख रुपये एमपीलेड से दिए थे। इस कार्य का निरीक्षण कंसलटेंट एमपी लेड के द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया था, जिसमें बहुत सी कमियां पाई गई थी तथा मौके पर ही संबंधित अभियंता को इन कमियों के बारे में बता दिया गया था।

संबंधित अभियंता ने इन कमियों को दूर करके कार्य पूरा करवाने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन इन कमियों को दूर करने की बजाय इस मामले में लीपा पोती करके इसकी पेमेंट अदायगी की जाने की कोशिश की जा रही है। सांसद ने पत्र में कहा है कि कमेटी अतिरिक्त उपायुक्त, भिवानी की अध्यक्षता में गठित की जाए, जिसमें कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं कार्यकारी अभियंता, पंचायती राज को बतौर सदस्य शामिल किया जाए।

### सांसद के पत्र पर लिया संज्ञान

सांसद धर्मबीर सिंह द्वारा दिए गए पत्र पर डीसी नरवाल ने तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया है और मामले को जिला सतर्कता कमेटी को सौंपा है। डीसी नरवाल के आदेश पर एडीसी अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में एक्सईएनए पीडब्ल्यूडी बीएंडआर और एक्सईएन पंचायती राज, इस मामले की जांच करेंगे तथा 15 दिन के भीतर रिपोर्ट डीसी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

# करोड़ों रुपये ठगने वाला आढ़ती गिरफ्तार

■ पुलिस ने न्यायलय में पेश कर 8 दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी

गांव झींझर के ग्रामीणों के करोड़ों रुपये लेकर आढ़ती परिवार सहित फरार होने के मामले पुलिस ने दो आरोपियों को उत्तर प्रदेश के बनारस से गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर 8 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

उपपुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि 7 दिसंबर को एसपी कार्यालय में झींझर के ग्रामीणों ने शिकायत दी थी, जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव का आढ़ती धोखाधड़ी एवं ठगी कर करोड़ों का गबन कर फरार हो गया तथा उसका मकान कई दिनों से बंद है। दादरी अनाजमंडी की दुकान भी लंबे समय से नहीं खुलती। वहीं आढ़ती व परिवार के अन्य सदस्यों के मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आढ़ती गांव के किसानों की फसल खरीदता था और सैकड़ों ग्रामीणों से करोड़ों रुपये उधार ले रखे थे। किसानों की फसल के करोड़ों रुपयों की देनदारी थीद्ध उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग खेती बाडी करके अपने अपने परिवार का निर्वाह करते हैं। पिछले करीब 30 वर्ष से किसान व अन्य ग्रामीणों को ब्याज सहित पैसे लौटाने का प्रलोभन देता था, उन्हें बहला फुसलाकर व अपने जाल में फंसाकर पैसे लेते आ रहे थे, जब लोगों ने आढ़ती पर रुपये लौटाने का दबाव बनाया, वह गांव छोड़कर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी नितिका गहलोत ने मुख्यालय डीएसपी अशोक कुमार की अध्यक्षता में प्रभारी आर्थिक अपराध शाखा, सहायक उपनिरीक्षक राजेश आर्थिक अपराध शाखा, प्रभारी सीआईए स्टाफ व प्रभारी साइबर सैल के रुप में विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया था ।

विशेष टीम द्वारा मामले की गहनता से जांच में मिला की वर्तमान समय में फरार आढ़ती व उसके परिजनों ने 138 पीड़ित व्यक्तियों के लगभग 12.70 करोड़ लाख रुपयों का गबन किया हुआ है। जो 138 पीड़ित व्यक्तियों में से अभियोग में 40 व्यक्तियों को शामिल अनुसंधान करके पुछताछ की गई है। वीरवार को पुलिस ने मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए मामले में 2 आरोपी रामनिवास व सुरेश को बनारस से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की अदालत में पेश कर 8 दिन के रिमांड पर लिया है।



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में आरोपी आढ़ती।

### गायत्री महायज्ञ के साथ महोत्सव धूमधाम से शुरू

**भिवानी।** कृष्णा कॉलोनी स्थित तपो भूमि परमहंस योगाश्रम धाम में चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव गायत्री महायज्ञ के साथ धूमधाम से शुरू हुआ। कार्यक्रम में महाराज कृष्णानंद सरस्वती का सानिध्य रहा। सैंकड़ों भक्तों ने विश्व कल्याण के लिए गायत्री महायज्ञ में सुबह सवेरे आकर आहुति दी। कार्यक्रम की श्रृंखला में बच्चों ने सुंदरकांड पर आधारित अंताक्षरी का आयोजन भी किया,जिसमें बच्चों के साथ-साथ बड़ों बुजुर्गजनों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। आश्रम के प्रवक्ता ने बताया कि12 जनवरी शुक्रवार को सायं 3 बजे 6 बजे तक 151 सुंदरकांड पाठ का आयोजन, 13 जनवरी शनिवार को वृद्ध सम्मान व लोहड़ी महोत्सव 3 बजे से 6 बजे तक, 14 को माता की चौकी 2 से 6 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# गंगाजल में होते हैं औषधिय गुण: गिरी

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

परमहंस बाबा जहरगिरी दातार की पुण्यतिथि के अवसर पर 19 जनवरी को हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे एवं संत समागम की तैयारियां जोरों पर है। एक तरफ जहां संत समागम के लिए देश भर के साधु.संतों को निमंत्रण भेजा चुका है तो वही दूसरी तरफ भंडारे के लिए प्रसाद भी बनना शुरू हो चुका है।

आश्रम के प्रवक्ता सुरेश सैनी ने बताया कि आश्रम में बनने वाला संपूर्ण प्रसाद गंगाजल में बनाया जा रहा है। जिसके लिए हरिद्वार से गंगाजल मंगवाया जा चुका है। सैनी ने बताया कि वार्षिक भंडारे एवं संत समागम में मुख्य रूप से जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी पहुंचेंगे। इनके अलावा अन्य अखाड़ों के श्रीमहंत व महामंडलेश्वर भी पहुंचेंगे। इस दौरान जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी 350 वषार्े प्राचीन अखंड धूना जीणारेद्धार एवं संत कुटीर लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि वार्षिक भंडारे एवं संत समागम कार्यक्रमों की कड़ी में 12 से 16 जनवरी तक श्रीकृष्णानंद महाराज रतनगढ़ द्वारा भगवान शंकर के दिव्य महिमा प्रसंग की कथा का वाचन किया जाएगा। जिसके तहत 12 जनवरी को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद 16 तक दोपहर एक से 5 बजे तक भगवान शंकर के दिव्य महिमा प्रसंग सुनाया जाएगा। आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरी ने गंगाजल का महत्व बताते हुए कहा कि गंगाजल को सबसे पवित्र माना जाता है। गंगा का पानी गंगा जल हर तरह के कामों में काम आता है। चाहे वह पूजा हो या फिर घर की शुद्धि आदि के लिए। वैदिक ग्रंथों में शुभ कामों में गंगा जल का प्रयोग होता हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि मां गंगा में नहाने व पूजा आदि करने से कई तरह के पाप कटते हैं। गंगा के पानी में कई प्रकार के औषधिय गुण पाए जाते है, जिसमें नहाने से कई प्रकार के रोग खत्म हो जाते हैं।



■ बाबा जहरगिरी दातार की पुण्यतिथि पर आयोजित वार्षिक भंडारे के लिए प्रसाद बनना हुआ शुरू

# योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का लक्ष्य : दलाल

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा बहल, पाजू, नांगल व सिरसी गांव में पहुंची

**बहल।** केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को बहल, पाजू, नांगल व सिरसी गांव में पहुंची। यात्रा के दौरान हुए कार्यक्रम में मुख्यातिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल के पुत्र आशीष दलाल ने कहा कि भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में हम सबको अपना योगदान देना है।

वीरवार को कस्बे के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों ने अपनी स्टाल लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पेंशन सहित अन्य समस्याओं को रखा और संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने उनका मौके पर ही निदान किया। बहल ग्राम पंचायत को जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जल जीवन मिशन का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर प्रमाण पत्र दिय गया। उपस्थितजनों को विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देने के लिए संकल्प शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि आशीष दलाल भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला पार्षद रविन्द्र मंढोली ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से काम करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है।

## धीमी गति से चल हवा, लोगों की कंपकंपी छूटी

# कड़ाके की ठंड से आहत, चटक धूप से राहत

हरिभूमि न्यूज,भिवानी



गुरुवार अल सुबह कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान रहा। धीमी गति से चल रही हवा ने लोगों की कंपकंपी छुड़ाए रखी। पारा छह डिग्री सेल्सियस पर रहने की वजह से फसलों पर ओस की बूंद जमी। हालांकि रबी फसलों के लिए कड़ाके की ठंड को फायदेमंद माना जा रहा है,लेकिन जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा।

11 बजे के बाद आसमान में धूप खिली तो लोगों को राहत मिली। शाम तक लोग चटक धूप में ही बठे नजर आए। धूप निकलने के बाद ही लोगों की दिनचर्या पटरी पर लौटी। सुबह जब लोग सो कर उठे तो उस वक्त धुंध की चादर तनी हुई थी। धीमी गति से हवा बह रही थी। पौधों पर गिरी पानी की बूंद जमने को आतूर नजर आई। चूंकि पारा लगातार जमाव बिंदू की तरफ लूढ़क रहा था। कड़ाके की ठंड की वजह से लोगों की कंपकपी छुटती रही। धुंध की ज्यादा गहनता के चलते वाहन चालकों को 20 मीटर से ज्यादा दूरी का नजर नहीं आ रहा था। वाहन चालक एक दूसरे वाहन के पीछे लग कर गंत्तव्य तक पहुंचे। लोगों को ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। अलाव जलाकर लोगों ने अपने आप को ठंड से बचाने का प्रयास किया। दिन चढ़ने तक मौसम ठंडा ही रहा। करीब दस बजे के आसपास हवा ने थोड़ी सी गति पकड़ी तो धुंध के बादल छटकने लगे। साढे दस बजे धुंध के बादल छंटने शुरू तो सूर्यदेव की तांक झाक शुरू हुई। सूर्यदेव के दर्शनों के बाद लोगों को लगा कि धूप खिलेगी। उसके दस मिनट बाद सूर्यदेव ने चटक धूप बिखेरनी शुरू कर दी। धूप खिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलनी शुरू हुई। तभी लोगों की दिनचर्या पटरी पर लौटी।

### फसलों के लिए फायदेमंद

कड़ाके की ठंड फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। ठंड में ही रबी फसलों में फायदा होगा। फसलों में बने फुटाव जल्दी ही बढ़ने लगेंगे और उससे औसतन पैदावार बढ़ेगी। गेहूं व सरसों की फसल में सबसे ज्यादा फायदा होगा। इन फसलों में इस वक्त बेहतरीन फुटाव बना हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पताः 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।